आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

<u>मुख्यमंत्री</u>

राजधानी शिमला में बढ़ रही भीड़ को देखते हुए सरकार शिमला के कई सरकार दफ्तरों को धर्मशाला और मंडी के खाली पड़े भवनों में स्थानांतरित करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राजधानी से कई सरकारी दफ्तर शिफ्ट किए जा सकते हैं जबकि विभागों और प्रमुख कार्यालयों को स्थानांतरित करने की अभी कोई योजना नहीं है।

*<u>विभाग और मेन ऑफिसिज शिमला में ही रहेंगे। जैसे नए कमीशन बन रहे हैं जैसे जीएसटी कमीशन है या रेरा है उनको हम यहां से शिफ्ट करेंगे। शिमला को डी कंजस्ट करना है, जो आफिस शिफ्ट हो सकते हैं और जिनके लिए सरकारी जगह उपलब्ध है उनकों शिफ्ट करने के बारे में सरकार विचार कर रही है। जहां–जहां पिछली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बिल्डिंगें बनी हैं, पिछली सरकार एक हजार करोड़ रूपए की बिल्डिंगें बना कर चली गई थी। ये एक हजार करोड़ रूपए की बिल्डिंगें खाली पड़ी हैं। तो ऐसी संपदा जो धर्मशाला या मंडी में खाली पड़ी हैं जिसमें करोड़ों रूपए खर्च कर दिया गया है उनमें ऐसे ऑफिस शिफ्ट किए जाएंगे।</u>*

<u>राज्यपाल</u>

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज से मंडी जिला के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल आज शाम करसोग में मूल माहुंनाग मंदिर के अलावा श्री ममलेश्वर मंदिर तथा कामाक्षा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल कल 21 मई को जंजैहली में नशीली दवाओं के उन्मूलन विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेंगे तथा इसी विषय पर कार्यक्रम स्थल से एक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

<u>सड़क समस्या</u>

जिला चम्बा के भरमौर की बंदला पंचायत में लकड़ा से रेणपानी तक करीब 800 मीटर के सड़क निर्माण का कार्य पिछले साल पूरा हुआ था लेकिन सड़क निर्माण के करीब 5 दिन पश्चात भूस्खलन की वजह से सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। उसके बाद लोगों ने कई बार विभाग से इस मार्ग को बहाल करने का आग्रह किया लेकिन इतना समय बीत जाने के बावजूद इस कार्य को पूरा नहीं किया गया। चम्बा जिला से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर यह गांव है लेकिन इस गांव में सड़क सुविधा न होने की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

*<u>सबसे बड़ी दिक्कत हमें सड़क की है। यहां पर 2006 से हमारा रोड़ का काम चला था, उसके बाद पिछले वर्ष रोड़ बंद हो गया। पिछले साल यहां पर 800 मीटर का टेंडर हुआ, वो ठेकेदार द्वारा बनाया गया। जब ठेकेदार यहां से गए तो दूसरे ही दिन बारिश से पूरा रोड़ तहस–नहस हो गया। उसके बाद आगे का हमारा 800 मीटर का टेंडर और हो चुका है, पर जो पिछले रोड़ है जो टूट चुका है उसके लिए विभाग के पास पैसा नहीं है।</u>*

*<u>पिछले साल हुआ था थोड़ा सा काम सड़क में, उसके बाद काम बंद हो गया। कोई मरीज होता है यहां तो उसको पालकी में उठाकर लाना पड़ता है गांव से। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस रोड़ का काम शुरू हो तोकि लोगों को दिक्कत न आए।</u>*

तिरंगा यात्रा

प्रदेश में भाजपा की तिरंगा यात्राओं का दौर जारी है। इस यात्रा को लेकर देश सहित प्रदेशभर में ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज जवानों को देशवासियों द्वारा नमन किया जा रहा है। 25 मई तक चलने वाली तिरंगा यात्रा आज सोलन शहर और कुल्लू के ढालपुर में होगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश और तूफान के साथ ओलावृष्टि की संभावना बनी है। बीते कल भी कुल्लू, मंडी, कांगड़ा में बारिश हुई है और कांगड़ा में तूफान के चलते एक पेड़ के गाड़ी पर गिरने से दो लोगों की मृत्यु भी हुई है।

मैदानी क्षेत्रों में गर्मी के चलते इन दिनों भारी संख्या में पर्यटक पहाड़ों का रूख कर रहे हैं। ऐसे में बीते एक सप्ताह से कुल्लू मनाली के पर्यटन कारोबार में बढ़ोतरी हो रही है। मनाली पहुंचे पर्यटक जहां स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण को देखकर उत्साहित हैं वहीं परिवार सहित हिमाचल को सुरक्षित मान रहे हैं।

*मेरा नाम भरत मोदी है । हम लोग गुजरात सूरत से यहां पर घुमने के लिए आए हैं। यहां का वातावरण बहुत बढ़िया है। हम पहले शिमला गए फिर यहां कुल्लू–मनाली आए। यहां पर लोगों का व्यवहार भी बहुत अच्छा है। यहां पर आर्मी की सुरक्षा है और पुलिस बंदोवस्त सभी जगह बहुत बढ़िया है।*

*मैं वैशाली पंवार, मैं पुणा से आई हूं। बहुत अच्छा लग रहा है यहां पे। महाराष्ट्र में बहुत गर्मी है तो यहां पर आकर बहुत ठंडा भी लग रहा है। दो दिन से यहां कुल्लू–मनाली में हैं। रोहतांग पास भी गए थे। वहां पर स्नोफॉल भी देखा। बर्फ का एक्सपीरियंस बहुत अच्छा था।*

समाचार पत्रों से......

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है पशु मित्रों के भरे जाएंगे एक हजार पद–ओटीए, रेडियोग्राफर का बढ़ा मानदेय। दैनिक भास्कर के शब्द हैं एक हजार पशु मित्र व सौ लाइब्रेरियन होंगे भर्ती, ई–टैक्सी पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है नवोदय भर्ती परीक्षा में एक और मुन्ना भाई गिरफ्तार। दैनिक जागरण के अनुसार हरियाणा से चल रहा था परीक्षा में नकल करवाने का नेटवर्क।